राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

**नई शिक्षा नीति भविष्य की संभावनाओं की नई राहों को सृजन करने वाली - राज्यपाल**

**महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय कुम्हेर के नवीन प्रशासनिक भवन एवं कुलपति सचिवालय का किया लोकार्पण**

जयपुर / डीग, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को कुम्हेर स्थित महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन एवं कुलपति सचिवालय, का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर, विद्यार्थी गतिविधि केंद्र, महारानी किशोरी कन्या छात्रावास, स्वामी विवेकानंद छात्रावास, स्वामी दयानंद सरस्वती ट्रांजिट हॉस्टल का शिलान्यास कर अकादमी भवन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के एकेडमिक करिकुलम पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि शैक्षणिक गुणवत्ता जरूरी है परन्तु उससे भी जरूरी यह है कि अध्ययन-अध्यापन में युगानुरूप आवश्यकताओं का समावेश हो। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मौलिक शोध की संस्कृति के नए आयाम स्थापित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से जुड़े अकादमिक प्रावधानों को स्वयं शिक्षक समझकर प्रतिबद्ध होकर यदि उन्हें विद्यार्थियों के लिए लागू करने की पहल नहीं करेगा तब तक इस नीति की मूल मंशा को हम चरितार्थ नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से कहा की वे नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अकादमिक विषय-वस्तु इस तरह से निर्धारित करें कि शैक्षिक नवाचारों से आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी नागरिक तैयार कर सकें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर रमेश चन्द्रा ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया।

--------

**राज्यपाल ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए***

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को दौसा जिले में मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बालाजी से देश और प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की।

--------